# अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राज्य स्तरीय युवा महोत्सव – 2026 |
| 2. | 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप : राजस्थान तीसरे स्थान पर |
| 3. | 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल' का सफल परीक्षण |
| 4. | 'एकीकृत क्लस्टर विकास योजना' के तहत् 7 कॉमन फैसिलिटी सेंटर |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. जनजाति विकास कोष<br>2. मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट (MULE)<br>3. 'RAJ-UNNATI' प्लेटफॉर्म<br>4. 53वीं राजस्थान बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप : कोटा<br>5. राजस्थान में बनेंगे 'पुलिस ब्रांड एंबेसडर' |
| 6. | जर्मन चांसलर की भारत यात्रा |
| 7. | अंतरराष्ट्रीय चारागाह और पशुपालक (IYRP) वर्ष : 2026 |
| 8. | पश्चिमी विक्षोभ |
| 9. | स्वास्थ्य क्षेत्र और नैनोबेट्स |
| 10. | राष्ट्रीय युवा दिवस-2026 |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. अभ्यास सांझा शक्ति |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राज्य स्तरीय युवा महोत्सव – 2026

### चर्चा में क्यों?

- 12 जनवरी, 2026 को सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव – 2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- राजस्थान युवा महोत्सव 2026 का आयोजन 7 से 12 जनवरी, 2026 तक किया गया।

**राजस्थान रोजगार नीति-2026:**

- **जारी :** राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जयपुर में 'राजस्थान रोजगार नीति-2026' जारी की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **रोजगार सृजन :** इस नीति के तहत् रोजगार और उद्यमशीलता पर केंद्रित बहुआयामी रणनीति के माध्यम से मार्च, 2029 तक 15 लाख रोजगार के अवसरों को सुलभ बनाया जाएगा।
- नीति का निष्पादन, निगरानी एवं सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान रोजगार पोर्टल (EEMS 2.0) और रोजगार कार्यालय (एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज) को एकीकृत करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जाएगा।
- साथ ही, इस नीति में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रोजगार अवसरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ई-जॉब फेयर की सुविधा को समाविष्ट किया गया है।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना:

- **शुभारंभ :** 12 जनवरी, 2026 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।
- इस योजना के तहत् 1 लाख युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण देकर सूक्ष्म उद्यमी के रूप में तैयार किया जाएगा।
- **पात्रता :** राजस्थान का स्थायी निवासी होना चाहिए और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### राजस्थान युवा नीति-2026

- **जारी :** राज्यस्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह के दौरान 12 जनवरी, 2026 को।
- **उद्देश्य :** शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं के लिए उभरते क्षेत्रों में अवसरों का विस्तार करना।
- इस नीति में युवा अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं और खेलों के विस्तार, लैंगिक हिंसा की रोकथाम, युवा कलाकारों के संवर्धन के साथ ही, सतत् विकास में युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान यूथ आइकॉन अवॉर्ड:-

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा नेशनल यूथ आइकॉन अवॉर्ड की तर्ज पर प्रदेश में 15 से 29 वर्ष के प्रतिभाशाली युवाओं को 'राजस्थान यूथ आइकॉन अवॉर्ड' और ₹1,00,000 की नकद राशि से सम्मानित किया गया।**

### पुरस्कार प्राप्तकर्ता :

- **यश व्यास (बाँसवाड़ा)**
- **कुलदीप वर्मा (जयपुर)**
- **नरेश कुमार मीणा (दौसा)**
- **हीरा लाल महावर (दौसा)**

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप : राजस्थान तीसरे स्थान पर

## चर्चा में क्यों?

- नई दिल्ली और भोपाल में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप की पदक तालिका में राजस्थान तीसरे स्थान पर रहा।




## मुख्य बिन्दु:

- **कुल पदक :** राजस्थान ने इस प्रतियोगिता में 15 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों सहित कुल 51 पदक जीते।
- **प्रथम स्थान :** हरियाणा ने कुल 60 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।
- राजस्थान पैरा-निशानेबाजी स्पर्धाओं में 9 स्वर्ण पदकों के साथ पूरे भारत में प्रथम स्थान पर रहा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान के व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता:

| क्रमांक | खिलाड़ी का नाम | स्पर्धा |
|---|---|---|
| 1. | अनुष्का सिंह भाटी | महिलाओं की डबल ट्रैप (शॉटगन) में सीनियर नेशनल चैंपियन बनीं। |
| 2. | संदीप बिश्नोई | जूनियर पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा। |
| 3. | राहुल सेरावत | 10 मीटर एयर पिस्टल (सिविलियन) |
| 4. | अंजलि शेखावत | 10 मीटर एयर पिस्टल (सिविलियन) |
| 5. | निखिल चौधरी | 50 मीटर पिस्टल (सिविलियन) |
| 6. | सरोश खान | स्कीट (पुरुष वर्ग) |
| 7. | पुष्पा मेघवाल | 10 मीटर एयर पिस्टल सुपर मास्टर |
| 8. | स्नेहलता सिंह राजावत | ट्रैप |

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- **शॉटगन स्पर्धाएँ (नई दिल्ली) :** 1 दिसंबर, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में।
- **पिस्तौल स्पर्धाएँ (नई दिल्ली) :** 11 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में।
- **राइफल स्पर्धाएँ (भोपाल) :** 11 दिसंबर, 2025 से 2 जनवरी, 2026 तक मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल' का सफल परीक्षण

## चर्चा में क्यों?

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने 11 जनवरी, 2026 को महाराष्ट्र के KK रेंज, अहल्या नगर में मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (MPATGM) का सफल परीक्षण किया।



## मुख्य बिन्दु:

- इस मिसाइल में, जोधपुर स्थित डिफेंस लैब ने टारगेट टैंक का सिमुलेशन करने के लिए थर्मल टारगेट सिस्टम विकसित किया है।
- MPATGM तीसरी पीढ़ी की फायर एंड फॉरगेट मिसाइल है, जो टॉप अटैक मोड में चलते टारगेट को मार सकती है। पूर्ण स्वदेशी तकनीक से बनी यह मिसाइल आधुनिक टैंकों को नष्ट करने में सक्षम है।

### रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO)

- **स्थापना :** 1958 में।
- **मुख्यालय :** नई दिल्ली।
- **अध्यक्ष :** डॉ. समीर वी. कामत।
- **ध्येय वाक्य :** बलस्य मूलं विज्ञानम्।
- **उद्देश्य :** रक्षा अनुसंधान द्वारा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना।
- यह रक्षा मंत्रालय के अधीन अनुसंधान और विकास संगठन है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ‘एकीकृत क्लस्टर विकास योजना’ के तहत् 7 कॉमन फैसिलिटी सेंटर

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार द्वारा ‘एकीकृत क्लस्टर विकास योजना’ के तहत् 7 कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

## मुख्य बिन्दु:

- **7 कॉमन फैसिलिटी सेंटर :** भरतपुर, हनुमानगढ़, फलोदी, कोटपूतली-बहरोड़, बालोतरा, दौसा और जयपुर।
- इन कॉमन फैसिलिटी सेंटर में आधुनिक मशीनें स्थापित की जाएंगी, जिनका उपयोग वहाँ की 100 से अधिक लघु और सूक्ष्म श्रेणी की औद्योगिक इकाइयाँ कर सकेंगी।

### एकीकृत क्लस्टर विकास योजना:

- **शुरुआत :** राज्य सरकार द्वारा एकीकृत क्लस्टर विकास योजना को दिसंबर, 2024 में अधिसूचित किया गया। जनवरी, 2025 में इस योजना के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।
- इस योजना के तहत् 3 वर्षों में राज्य में हथकरघा, हस्तशिल्प और MSMEs क्षेत्र के 50 क्लस्टर विकसित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।
- **पात्रता :** एक ही स्थान पर कार्यरत कम से कम 20 समान उत्पादन वाले MSMEs उद्योग।
- योजना का लाभ लेने के लिए 10 से अधिक इकाइयों को एक अलाभकारी कंपनी बनाकर आवेदन करना आवश्यक है।
- **अनुदान :** राज्य सरकार द्वारा उत्पादन, जाँच, भंडारण, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग में सहयोग के लिए कुल लागत का 80 फीसदी तक अनुदान।
- **नोट :** हस्तशिल्पियों और बुनकरों के प्रशिक्षण के लिए 100 फीसदी तक अनुदान।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **जनजाति विकास कोष**<br><br><br>■ **राशि :** राजस्थान सरकार द्वारा बजट 2025-26 में जनजाति विकास कोष की राशि को ₹1000 करोड़ से बढ़ाकर ₹1750 करोड़ कर दिया गया।<br>■ **जनजातीय स्मारक एवं संग्रहालय :** राज्य सरकार द्वारा डूंगरपुर (डूंगर बरंडा) और बांसवाड़ा (बांसिया चारपोटा) में जनजातीय स्मारक एवं संग्रहालय का निर्माण करवाया जा रहा है।<br>■ **वीर बालिका कालीबाई संग्रहालय :** सरकार द्वारा उदयपुर में वीर बालिका कालीबाई संग्रहालय का निर्माण करवाया जा रहा है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट (MULE)



- जयपुर में आयोजित सेना प्रदर्शनी में 'नो योर आर्मी' में भारतीय सेना द्वारा मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट (MULE) का प्रदर्शन किया गया।
- MULE मेटल डॉग जैसा लगता है जो दुर्गम पहाड़ों, घने जंगलों या रेगिस्तान की तपती रेत और युद्ध के मैदान जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में सैनिकों का साथी बनता है।
- यह एक स्वायत्त रोबोट है, जिसे विशेष रूप से उन जगहों पर काम करने के लिए बनाया गया है जहाँ पहिये वाले वाहन नहीं जा सकते।
- सामान ढोने के साथ-साथ रोबोटिक म्यूल को इसके मल्टी-यूटिलिटी फीचर्स इसे एक घातक हथियार भी बनाते हैं। इसमें लगे थर्मल कैमरे और सेंसर रात के अंधेरे में भी दुश्मन की हलचल को पकड़ सकते हैं।

## 3. 'RAJ-UNNATI' प्लेटफॉर्म

RAJ-UNNATI

- PM-PRAGATI की तर्ज पर राजस्थान में योजनाओं की सख्त मॉनिटरिंग के लिए 'RAJ-UNNATI' प्लेटफ़ॉर्म का विकास किया गया है।
- PM-PRAGATI (Pro-Active Governance And Timely Implementation) को वर्ष 2015 में केंद्र सरकार ने शुरू किया था, ताकि परियोजनाओं, योजनाओं और जन शिकायतों को टेक्नोलॉजी-आधारित मॉनिटरिंग और समयबद्ध समाधान के साथ लागू किया जा सके।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| 4. | **53वीं राजस्थान बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप : कोटा**<br>■ **आयोजन :** कोटा में।<br>■ **मिस्टर राजस्थान :** जोधपुर के अरशान खान।<br>■ **रनर-अप :** महफूज अहमद (जयपुर)<br>■ **मिस्टर राजस्थान (जूनियर कैटेगरी) :** जयपुर के रामकृष्ण प्रजापत।<br>■ **रनर-अप :** इन्द्र सैन (बीकानेर)। |
|---|---|
| 5. | **राजस्थान में बनेंगे 'पुलिस ब्रांड एंबेसडर'**<br><br>■ राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) के अवसर पर राजस्थान पुलिस ने प्रदेशभर में सभी पुलिस थानों में विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।<br>■ इस कार्यक्रम की सबसे महत्त्वपूर्ण कड़ी युवाओं को पुलिस का ब्रांड एंबेसडर बनाना है। राज्य में 18 से 25 वर्ष के सक्रिय युवाओं को सामुदायिक संपर्क समूह (CLG) सदस्यों की तर्ज पर प्रशिक्षित किया जाएगा।<br>■ ये युवा ब्रांड एंबेसडर अपने क्षेत्रों में पुलिस और आमजन के बीच एक सेतु का कार्य करेंगे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## जर्मन चांसलर की भारत यात्रा

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर जर्मनी गणराज्य के संघीय चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने 12 से 13 जनवरी, 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा की।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- यह दौरा 25 अक्टूबर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित सफल 7वें भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श के बाद हुआ है।
- वर्ष 2025 में भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूर्ण होने तथा वर्ष 2026 में राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं।
- भारत - जर्मनी के मध्य वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2024 में 50 अरब डॉलर से अधिक हो गया है जो यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार का 25% से अधिक है।
- **समझौता ज्ञापन:** रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था, महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी, पारंपरिक चिकित्सा, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, विज्ञान और अनुसंधान और कौशल विकास और गतिशीलता।

**घोषणाएँ:**

| क्रमांक | घोषणाएँ | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए जर्मनी से होकर वीजा मुक्त पारगमन की घोषणा। | लोगों के बीच संबंध |
| 2. | ट्रैक 1.5 विदेश नीति और सुरक्षा संवाद की स्थापना। | विदेश नीति और सुरक्षा |
| 3. | हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर द्विपक्षीय संवाद तंत्र की स्थापना। | भारत-प्रशांत |
| 4. | भारत-जर्मनी डिजिटल संवाद (2025-2027) की कार्य योजना को अपनाना। | प्रौद्योगिकी और नवाचार |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| 5. | प्रमुख द्विपक्षीय हरित और सतत् विकास साझेदारी (जीएसडीपी) के तहत् 1.24 अरब यूरो की नई वित्त पोषण प्रतिबद्धताएँ, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, पीएम ई-बस सेवा और जलवायु-अनुकूल शहरी बुनियादी ढांचे में प्राथमिकता वाली परियोजनाओं का समर्थन करती हैं। | हरित और सतत् विकास |
| 6. | भारत-जर्मनी नवीकरणीय ऊर्जा निवेश मंच के तहत् बैटरी भंडारण कार्य समूह का शुभारंभ। | हरित और सतत् विकास |
| 7. | भारत-जर्मनी त्रिकोणीय विकास सहयोग के अंतर्गत घाना (बांस के डिजाइन और प्रसंस्करण के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी केंद्र), कैमरून (देशव्यापी आलू बीज नवाचार के लिए जलवायु अनुकूल आरएसी प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला) और मलावी (महिलाओं और युवाओं के लिए कृषि मूल्य श्रृंखला में तकनीकी नवाचार और उद्यमिता केंद्र) में परियोजनाओं का विस्तार करना। | हरित और सतत् विकास |
| 8. | अहमदाबाद में जर्मनी के मानद वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन। | सांस्कृतिक संबंध और लोगों के मध्य |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## अंतरराष्ट्रीय चारागाह और पशुपालक (IYRP) वर्ष : 2026

### चर्चा में क्यों?

- वैश्विक और राष्ट्रीय जलवायु योजनाओं में घास मैदानों का प्रतिनिधित्व कम हुआ है।
- वर्ष 2026 को संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय चारागाह और पशुपालक (IYRP) वर्ष घोषित किया।




### मुख्य बिन्दु:


- **घास मैदान :** ये खुले स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र है, जिनमें घास का प्रभुत्व तथा पेड़ों का आवरण विरल होता है। इनमें सवाना, रेंजलैंड और चारागाह क्षेत्र शामिल हैं।
- **यूनेस्को के अनुसार:** 10% से कम वृक्ष और झाड़ी आवरण वाली भूमि, जिसमें 10 से 40% वनयुक्त घास का आवरण होता है।
- **क्षेत्रफल:** यह स्थलमंडल क्षेत्र का लगभग 40.5% हिस्सा कवर करते हैं।
- **जलवायु :** उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **महत्त्व:**

1. **कार्बन सिंक :** उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय घास के मैदान वैश्विक स्थलीय कार्बन का लगभग 15% भंडारित करते है।
2. **मानवीय क्रियाएँ:** यहाँ विश्व की 20% आबादी निवास करती है जिसमें पशुपालक और कृषक समुदाय शामिल है।
3. **आजीविका सहायता**
4. **जैव विविधता संरक्षण**
5. **मृदा संरक्षण**

**विश्व के प्रमुख घास स्थल:**




**भारत में घास मैदान :**

- **क्षेत्रफल :** यह भारत के भौगोलिक क्षेत्र के लगभग 24% हिस्से पर फैले हैं।
- **विस्तार :** राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना आन्ध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश व पश्चिम बंगाल, असम का तराई क्षेत्र + हिमालय प्रदेश का अल्पाइन घास मैदान।
- **'कच्छ, गुजरात:** बन्नी घास का मैदान, एशिया का सबसे बड़ा घास मैदान है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भूगोल

## पश्चिमी विक्षोभ

### चर्चा में क्यों?

- नए शोधों के अनुसार हिमालय में अपर्याप्त वर्षा का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ प्रणालियों की कमजोर स्थिति है।

### मुख्य बिन्दु:

**पश्चिमी विक्षोभ:**

- यह एक अतिरिक्त उष्ण कटिबंधीय/शीतोष्ण कटिबंधीय तूफान है जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होता है।
- यह विक्षोभ पश्चिम से पूर्वी दिशा की ओर गतिशील होता है, जो ईरान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान से होते हुए भारत में प्रवेश करते हैं।

**प्रभाव-**

- यह उत्तर भारत में वर्षा, हिमपात व कोहरा लेकर आता है। (राजस्थान-मावठ) जो रबी की फसलों के उत्पादन व उत्पादकता के लिए महत्त्वपूर्ण होता है।
- इससे कभी-कभी बाढ़, भूस्खलन, आँधी, शीतलहर, ओलावृष्टि जैसी चरम मौसमी घटनाएँ उत्पन्न होती है, जो भौतिक बुनियादी ढाँचे पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।
- भारतीय उपमहाद्वीप में हिमालयी नदियों के सदानीरा होने में पश्चिमी विक्षोभ की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

### स्वास्थ्य क्षेत्र और नैनोबेट्स

**चर्चा में क्यों?**

- **भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बेंगलुरु के डॉ. अंबरीश घोष को वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित "न्यूयार्क एकेडमी ऑफ साइंसेज - टाटा संस ट्रांसफॉर्मेशन पुरस्कार प्रदान किया गया है।**




**मुख्य बिन्दु:**

- **योगदान:** **यह सम्मान उन्हें लक्षित कैंसर थेरेपी के लिए विकसित किए गए चुंबकीय नैनोबोट्स के लिए प्रदान किया गया है।**

**चुंबकीय नैनोबोट्स :**


- **परिचय :** **चुंबकीय नैनोबोट्स सुक्ष्म, बाहरी रूप से संचालित मशीनें है जो लोह ऑक्साइड जैसे चुंबकीय पदार्थों से बनी या लेपित होती है।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- शरीर के बाहर से चुंबकीय क्षेत्रों द्वारा निर्देशित उन्हें आंतरिक विद्युत स्त्रोत के बिना रक्त वाहिकाओं या ऊतकों में सटीक रूप से नेविगेट किया जा सकता है।

**कार्यप्रणाली:**




- यह नैनोबेट्स बैक्टीरिया से प्रेरित सर्पिलाकार संरचना वाले नैनोस्विमर है, जो एक प्रोपेलर की भांति कार्य करते हैं।
- इनमें मौजूद आयरन (Fe) घटक बाह्य चुंबकीय क्षेत्र की सहायता से उन्हें रक्त प्रवाह और सघन ऊतकों के माध्यम से सटीक दिशा में संचालित करने की अनुमति देता है।
- इन नैनोबेट्स की सतह पर दवाओं को लेपित किया जाता है ताकि वह स्वस्थ्य 'कोशिकाओं को प्रभावित किए बिना सीधे कैंसर कोशिकाओं तक पहुँचती है।
- यह नैनो बोट्स चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव से स्थानीय स्तर पर 42°C से अधिक उष्मा उत्पन्न कर सकते हैं जिससे कैंसर कोशिकाएँ नष्ट हो जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **संरचना:** उनकी संरचना जैव अनुकूल है, जो सिलिका और लौहे से बनी है और इन पर कैंसर की दवाओं की परत चढाई जा सकती है, जिससे यह प्रभावी रूप से लक्षित वितरण वाहन बन जाते हैं।

**अनुप्रयोग:**

1. **नैदानिक उपकरण:** जैव संवेदन, इमेजिंग संवर्धन या बायोफिल्म निष्कासन।
2. **उपचारात्मक :** उपचारात्मक सामग्री को सीधे रोग स्थलों, जैसे कि ट्यूमर तक पहुँचाना ताकि प्रभावशीलता को बढ़ाकर दुष्प्रभावों को कम किया जा सके।

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रशासकीय नीतिशास्त्र

## राष्ट्रीय युवा दिवस-2026

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय युवा दिवस प्रतिवर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है।

### मुख्य बिन्दु:

- चरित्र, साहस, सेवा और राष्ट्र निर्माण से जुड़े उनके विचार आज की भारत की युवा उन्मुख नीतियों का मार्गदर्शन करते हैं।
- भारत की 65 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की होने के कारण युवा सशक्तीकरण विकसित भारत @ 2047 के दृष्टिकोण का केन्द्रीय आधार है।

**स्वामी विवेकानन्द**

- **जन्म:** 12 जनवरी, 1863 ई.
- वर्ष 1893 में खेतड़ी महाराजा अजीत सिंह के अनुरोध पर उन्होंने अपना नाम विवेकानन्द कर लिया।

**योगदान:**

- **दार्शनिक:** उन्होंने दुनिया को वेदान्त और योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराया।
- उन्होंने नव वेदांत का प्रचार किया, जो पश्चिमी दृष्टिकोण के माध्यम से हिन्दु धर्म की व्याख्या है। वे आध्यात्मिकता को भौतिक प्रगति के साथ जोड़ने में विश्वास करते थे।
- **आध्यात्मिक:** विवेकानन्द के मानवीय मूल्यों पर संदेश उपनिषदों, गीता, बुद्ध और ईसा मसीह के सिद्धांतों से प्रेरित थे, जो आत्म साक्षात्कार, करुणा और नि:स्वार्थ सेवा पर बल देता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- उन्होंने सेवा के सिद्धांत का समर्थन किया, उन्होंने प्राणियों की सेवा को ही ईश्वर की सेवा माना।
- उन्होंने अपने राजयोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्ति योग में सांसारिक सुखों और आसक्तियों से मुक्ति प्राप्त करने के मार्ग प्रदान किए।
- **पुनरुत्थानवाद:** उन्होंने मातृभूमि के उत्थान के लिए शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने मानव निर्माण तथा चरित्र निर्माण संबंधि शिक्षा का समर्थन किया।

**सम्बद्ध संगठन-**

1. **रामकृष्ण मिशन:** वर्ष 1897 में सेवा, शिक्षा और आध्यात्मिक उत्थान के आदर्शों का प्रचार करने के लिए।
2. **वेलूर मठ:** वर्ष 1899
3. **अन्तर्राष्ट्रीय उद्बोधन:** उन्होंने वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित धर्म संसद को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने हिन्दु धर्म का प्रतिनिधित्व किया।

- जुलाई 1896 में उन्होंने लंदन में लंदन हिन्दु एसोसिएशन के एक सम्मेलन को संबोधित किया।

**युवा सशक्तिकरण के लिए सरकार की पहलें-**

1. मेरा युवा भारत
2. राष्ट्रीय सेवा योजना और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग
3. अग्निपथ योजना
4. प्रधानमंत्री कौशल व रोजगार योग्यता उन्नयन के माध्यम से परिवर्तन (PM-SETU)
5. स्किल इंडिया मिशन
6. PM विकसित भारत रोजगार योजना
7. स्टार्ट अप इंडिया व प्रधानमंत्री मुद्रा योजना
8. युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन एवं काशी घोषणा


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **अभ्यास सांझा शक्ति**<br>■ भारतीय सेना ने दक्षिणी कमान, विशेष रूप से महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा क्षेत्र के तत्त्वाधान में दिघी हिल्स रेंज में सैन्य-नागरिक संलयन अभ्यास, "सांझा शक्ति" का संचालन किया।<br>**उद्देश्य-**<br>■ नागरिक सैन्य समन्वय को मजबूत करना।<br>■ आन्तरिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटना।<br>■ आन्तरिक सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करना। |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR